पर्यावरण संरक्षण गतिविधि ने पर्यावरण मंत्रालय व विभिन्न संस्थाओं के साथ मिलकर शिक्षण संस्थानों के स्टूडेंट्स को पर्यावरण सुरक्षा में हिस्सा बनाने के लिए गतिविधियां करवाने का फैसला लिया है। इसके तहत पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्रालय की तरफ से नेशनल स्टूडेंट्स पर्यावरण कंपीटिशन (एनएसपीसी) करवाया जाएगा।

पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के तहत करवाई जाने वाली इस प्रतियोगिता का आयोजन 21 अगस्त तक किया जाएगा। इससे पर्यावरण में बदलाव के कारण लगातार बदल रही स्थितियों और गंभीर हो रही स्थिति को समझने में युवा सक्षम हो सकें। इसके लिए यूजीसी की तरफ से सभी शिक्षण संस्थानों को स्टूडेंट्स की ज्यादा भागीदारी करवाने के लिए कहा है। प्रतियोगिता के तहत 21 अगस्त तक स्कूल, कॉलेज और संस्थानों के स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे जिसके लिए रजिस्ट्रेशन करवाना फ्री है।

गौरतलब है कि हर साल साइकलॉन, बाढ़, बादल फटने, जंगलों में आग लगने की कई घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। यूएन के डाटा के मुताबिक जलवायु परिवर्तन के कारण हर साल डेढ़ लाख से ज्यादा मौतें हो रही हैं। ऐसे में सभी को मिल कर काम करना होगा जिससे कि आने की पीढ़ी के लिए पर्यावरण का बचाव किया जा सके। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के तहत रजिस्ट्रेशन के बाद सभी उम्र वर्गों के लिए क्विज कंपीटिशन करवाया जाएगा।

इसके तहत 15 जुलाई से लेकर 21 अगस्त तक क्विज प्रतियोगिताएं होंगी। 27 अगस्त को रिजल्ट घोषित किया जाएगा।

चार वर्गों में करवाई जाएगी प्रतियोगिता, पोस्ट ग्रेजुएशन तक के स्टूडेंट्स भाग ले सकते हैं
पर्यावरण संरक्षण गतिविधि
गुरुग्राम महानगर

पंजीकरण लिंक: **https://ecomitram.page.link/Ln4SN3FtQyaDzvfv8**

वीडियो देखें: https://www.youtube.com/watch?v=hJULEl_uC4s